ओमशान्ति

दिव्यांग समानता, संरक्षण और सशक्तिकरण विषय को लेकर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 6-7 जनवरी, 2020 में शान्तिवन परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें मुम्बई से आये हुए रोटरी स्कूल फॉर द डैफ के स्टूण्डैण्ट, अभिभावक और स्कूल के स्टॉफ ने भाग लिया। स्वागत सत्र में दिव्यांग सेवा के राष्ट्रीय संयोजक बी.के. सूर्यमणि, डोम्बिवली सेवाकेन्द्र की बी.के. कलावती, रोटरी स्कूल फॉर द डैफ के वाइस प्रिंसीपल मालती भानी जी, मधुबन रेडियो के बी.के. कृष्ण और शान्तिवन के बी.के. देव भाई आदि ने उपस्थित रहकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और प्रोग्राम का शुभारम्भ किया।

दिन भर सभी को आत्म-ज्ञान, परमात्मा की पहचान, राजयोग, अष्ट शक्ति के बारे में सांकेतिक भाषा में ज्ञान की गुह्यता को समझाया गया। हैदराबाद से आये हुए इण्टरप्रीटर बी.के. नर्मदा, नडियाद से पधारे इण्टरप्रीटर बी.के. रश्मि, बी.के. भाविका और बी.के. आकाश ने सभी सत्र को सुचारू रूप से परिचालन किया। हू-एम-आई, बच्चों के बाबा आदि टेलीफिल्म प्रदर्शित करके उसे सांकेतिक भाषा में समझाया गया। बच्चों ने सायं को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सभी का मन मोह लिया।

समापन सत्र में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका डॉ. सविता बहन, संस्था के मुख्य यंत्री बी.के. भरत, ट्रोमा सेन्टर के एच.आर. मैनेजर बी.के. कविता ने सभी को उमंग-उत्साह भरे शब्दों से सभी का मनोबल बढ़ाया। सभी ने ईश्वर पिता के घर से याद-सौगात प्राप्त करते हुए अपने को आध्यात्मिक ज्ञान से भरपूर करते हुए प्रस्थान किया।